# कार्यालय कलेक्टर (भू–संसाधन प्रबंधन) जिला टीकमगढ़(म.प्र.)

क्रमांक /105 / 18/भू–संसा.प्रवं./स्था./2026 टीकमगढ़ दिनांक 09-2-2026

प्रति,

1. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समस्त जिला टीकमगढ़ म0प्र0
2. तहसीलदार समस्त जिला टीकमगढ़ म 0प्र0

विषयः– जिला के पटवारियों की समस्याओं का निराकरण किये जाने वावत् ।

संदर्भः– ज्ञापन द्वारा – म0प्र0 पटवारी संघ जिला शाखा टीकमगढ़ म0प्र0 का ज्ञापन क0 18/पट.संघ./टी./2026 दिनांक 05.02.2026।

अति आवश्यक

-----000-----

विषयार्न्तत संदर्भित पत्र के द्वारा म0प्र. पटवारी संघ जिला टीकमगढ़ म0प्र0 द्वारा दिनांक 05.02.2026 को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है, कि टीकमगढ़ जिले में पदस्थ पटवारियों की विविध समस्याओं का काफी समय से निराकरण नहीं किया जा रहा है, न ही उनकी समस्याओं पर सुनवाई की जा रही है । पटवारियों द्वारा विन्दु क. 01 से 05 तक अपनी समस्याओं का निराकरण करने का निवेदन किया गया है ।

अतः पटवारी संघ द्वारा दिनांक 05.02.2026 का ज्ञापन संलग्न कर आपकी ओर भेजा जा रहा है । इनकी समस्याओं का निराकरण किया जाकर पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह में इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें ।

संलग्नः– ज्ञापन दिनांक 05.02.2026 ।

अपर कलेक्टर
जिला टीकमगढ़ म0प्र0

पृ.क्रमांक /105 / 18/भू–संसा.प्रवं./स्था./2026 टीकमगढ़ दिनांक 09-2-2026

प्रतिलिपिः–

जिला अध्यक्ष मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ ।

अपर कलेक्टर
जिला टीकमगढ़ म0प्र0

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संघे शक्ति कलयुगे पंजीयन कमांक 03473/12/11/73

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाखा टीकमगढ़ (म.प्र.)

| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव |
|---|---|---|
| श्री चन्द्रिका प्रसाद समारी | श्री निरंजन शर्मा | श्री राजकुमार अहिरवार |
| 9584503647 | 9589387400 | 9754267325 |

| संरक्षक |
|---|
| श्री बृजेश खरे (कक्का) |
| **संयोजक** |
| श्री धरनीधर सौर |
| **कोषाध्यक्ष** |
| श्री दीपक मिश्रा |
| **उपाध्यक्ष** |
| श्री रामचरन अहिरवार |
| श्री राकेश प्रजापति |
| श्री राजकुमार चौरसिया |
| श्री अनवर आलम खान |
| श्री आलेख द्विवेदी |
| श्री रोहित नामदेव |
| श्री शेलेन्द्र जैन |
| श्री प्रदीप तिवारी |
| श्री महेश राजपूत |
| **संगठन मंत्री** |
| श्री लक्ष्मीप्रसाद राजपूत |
| श्री संजीव श्रीवास्तव |
| श्री रविकान्त गर्ग |
| श्री प्रकाश हरदासानी |
| श्री अजय कुमार जैन |
| श्री बृजेन्द्र खरे |
| **सह सचिव** |
| श्री मति नेहा पाण्डेय |
| श्री संतोष जोशी |
| श्री सौरभ श्रीवास्तव |
| **आजीवन सदस्यता प्रभारी** |
| श्री हेमन्त कुमार सोनी |
| श्री अक्षय नगाइच |
| **प्रचार मंत्री** |
| श्री मति प्रिया तोमर |
| श्री सहदेव साहू |
| श्री सचिन रावत |
| श्री रिषी साहू |
| श्री भूपेन्द्र पटेल |
| **प्रवक्ता** |
| श्री प्रभुदयाल वर्मा |
| श्री कुलदी पटसारिया |
| श्री मनीष दुबे |
| श्री मति पूजा प्रजापति |
| श्री अजय सूत्रकार |
| **मीडिया प्रभारी** |
| श्री चंदेश कुमार राजपूत |
| श्री मति प्रियंका गुप्ता |
| श्री मति प्रगति असाटी |
| **अनुशासन समिति** |
| श्री लखन अहिरवार |
| श्री शोभाराम अहिरवार |
| श्री शोभाराम सौर |
| सुश्री शिल्पी श्रीवास्तव |
| श्री गोपाल विश्वकर्मा |

क्र. 18 /पट.संघ./टी./2026 दिनांक 05/02/2026

## //ज्ञापन//

प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय

जिला टीकमगढ़ म0प्र0

बिषय— जिला के पटवारियों की समस्याओं का निराकरण किये जाने बावत।

महोदय जी,

बिषयांकित संबंध में जिले के पटवारियों की समस्याएं निम्नानुसार है—

1. यह कि जिला के अंतर्गत स्वामित्व योजना का कार्य पूर्णतः की ओर होकर अंतिम चरण में चल रहा है अधिकांश ग्रामों में अंतिम प्रकाशन हो चुका है लेकिन आज दिनांक तक जिले के एक भी पटवारी को स्वामित्व योजना की निर्धारित राशि 7500/— सात हजार पांच सौ रूपये का भुगतान नहीं हुआ है। राशि के भुगतान हेतु पटवारियों की सूची आवश्यक जानकारी सहित भू—संसाधन प्रबंधन विभाग से जिला पंचायत कार्यालय को लगभग 10—11 माह पूर्व भेजी जा चुकी है परन्तु वहां भुगतान के लिये शासन से मार्गदर्शन का पत्र जारी कर फायल को रख दिया गया है। उक्त संबंध श्रीमान को भी ज्ञापन के माध्यम से एवं व्यक्तिगत मुलाकात कर राशि के भुगतान हेतु निवेदन किया गया है परन्तु फिर कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला है। यदि पटवारियों को किये गये स्वामित्व योजना की राशि अबिलंब नहीं दिलवाई जाती है तो जिले के पटवारियों के द्वारा स्वामित्व योजना का कार्य बंद कर दिया जायेगा।
2. यह कि पूर्व में की गई लघु सिंचाई संगणना की राशि का भी भुगतान आज दिनांक तक जिले के पटवारियों को नहीं कराया गया है जबकि फिर से नवीन लघु सिंचाई संगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है जब तक पिछली लघु सिंचाई संगणना के कार्य की राशि का भुगतान नहीं हो जाता है तब तक नवीन लघु सिंचाई संगणना का कार्य जिले के पटवारी नहीं करेंगे।
3. यह कि जिला अंतर्गत विगत वर्षों में गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक तहसील से जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2—2 पटवारियों को सम्मानित किया जाता रहा है जबकि इस बार जिला में केवल 1 पटवारी को ही सम्मानित किया गया है। अन्य विभागों में अधिकारी स्वयं रूचि लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कराते है परन्तु राजस्व विभाग में किसी भी काम में पटवारियों को दिन—रात श्रम करने के लिये झौंक दिया जाता है और राष्ट्रीय पर्व पर सम्मानित करने के लिये सभी भूल जाते है जिससे जिले के पटवारी काफी हतोत्साहित है। कृपया भविष्य में ध्यान रखे जाने की अपेक्षा है।
4. यह कि श्रीमान के कार्यालयीन आदेश क्रमांक/499/18/भू—अभि0/स्था./2023 दिनांक 25.04.2023 द्वारा श्री संतोष कुमार जोशी पटवारी की निलंबन अवधि दिनांक 20.03.2015 से दिनांक 17.02.2023 तक का वेतन आहरण/भुगतान की स्वीकृति प्रदान की

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाखा टीकमगढ़ (म.प्र.)


| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव |
|---|---|---|
| श्री चन्द्रिका प्रसाद समारी | श्री निरंजन शर्मा | श्री राजकुमार अहिरवार |
| 9584503647 | 9589387400 | 9754267325 |



| संरक्षक |
|---|
| श्री बृजेश खरे (कक्का) |
| **संयोजक** |
| श्री धरनीधर सौर |
| **कोषाध्यक्ष** |
| श्री दीपक मिश्रा |
| **उपाध्यक्ष** |
| श्री रामचरन अहिरवार |
| श्री राकेश प्रजापति |
| श्री राजकुमार चौरसिया |
| श्री अनवर आलम खान |
| श्री आलेख द्विवेदी |
| श्री रोहित नामदेव |
| श्री शैलेन्द्र जैन |
| श्री प्रदीप तिवारी |
| श्री महेश राजपूत |
| **संगठन मंत्री** |
| श्री लक्ष्मीप्रसाद राजपूत |
| श्री संजीव श्रीवास्तव |
| श्री रविकान्त गर्ग |
| श्री प्रकाश हरदासानी |
| श्री अजय कुमार जैन |
| श्री बृजेन्द्र खरे |
| **सह सचिव** |
| श्री मति नेहा पाण्डेय |
| श्री संतोष जोशी |
| श्री सौरभ श्रीवास्तव |
| **आजीवन सदस्यता प्रभारी** |
| श्री हेमन्त कुमार सोनी |
| श्री अक्षय नगाइच |
| **प्रचार मंत्री** |
| श्री मति प्रिया तोमर |
| श्री सहदेव साहू |
| श्री सचिन रावत |
| श्री रिषी साहू |
| श्री भूपेन्द्र पटेल |
| **प्रवक्ता** |
| श्री प्रभुदयाल वर्मा |
| श्री कुलदी पटसारिया |
| श्री मनीष दुबे |
| श्री मति पूजा प्रजापति |
| श्री अजय सूत्रकार |
| **मीडिया प्रभारी** |
| श्री चंदेश कुमार राजपूत |
| श्री मति प्रियंका गुप्ता |
| श्री मति प्रगति असाटी |
| **अनुशासन समिति** |
| श्री लखन अहिरवार |
| श्री शोभाराम अहिरवार |
| श्री शोभाराम सौर |
| सुश्री शिल्पी श्रीवास्तव |
| श्री गोपाल विश्वकर्मा |


क्र. 18 /पट.संघ./टी./2026 दिनांक 05/02/2026

गई गई है जिसे लिधौरा तहसीलदार महोदय श्री ओपी गुप्ता जी नही मान रहे है उनका कहना है कि आदेश स्पष्ट नहीं है। श्री जोशी पटवारी की पुत्री का विवाह है और उसे इस समय रूपयों की अत्यंत आवश्यकता है अतः श्रीमान से विशेष अनुरोध है कि व्यक्तिगत रूचि लेकर जोशी पटवारी की निलंबन अवधि की राशि का भुगतान अबिलंब कराये जाने की कृपा करें।

5. यह कि जिला अंतर्गत शासन की मंशानुसार गृह तहसील का आदेश प्रभावी कर पटवारियों के स्थानांतरण एक से दूसरी तहसीलों में किये गये थे उक्त संबंध में मेरे द्वारा श्रीमान के समक्ष कुछ महिला एवं बुजुर्ग पटवारियों के संशोधित आदेश नजदीकी तहसीलों में किये जाने का निवेदन किया था श्रीमान के द्वारा आश्वस्त भी किया गया था परन्तु आज तक कोई भी संशोधन नहीं किया गया है। कृपया निवेदन है उक्त आवेदन पत्रों का यथोचित निराकरण करने कृपा करे।

कृपया निवेदन है कि जिले के पटवारियों की उक्त समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किये जाने की कृपा करे।

भवदीय

(चंद्रका प्रसाद समारी)
जिला अध्यक्ष
मध्यप्रदेश पटवारी संघ
जिला शाखा टीकमगढ़